पत्र संख्या-स्था-5(ग) लेखाकार एवं लेखा परीक्षा सूचना पत्रावली-2021-22// 238 //वाणिज्य कर

कार्यालय-कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक 16 अप्रैल, 2021

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

विषय:- मानव सम्पदा पोर्टल पर लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिकों के विवरण फीड किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया उपरोक्त विषयक निदेशक, आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-आ0ले0प0-5866/अधि0/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, लखनऊ दिनांक 04-03-2021 (प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि कतिपय विभागों द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर फीडिंग का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है। अत: विभाग के अन्तर्गत आने वाले समस्त कार्यालयों में तैनात लेखा संवर्ग, लेखा परीक्षा संवर्ग तथा सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के समस्त कार्मिकों का डाटा मानव सम्पदा पोर्टल पर फीड कराते हुए तत्काल सूचना निदेशालय द्वारा दिये गये निर्धारित प्रारुप में उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

अत: आपसे अनुरोध है कि कृपया अपने जोन/सम्भाग में तैनात लेखा संवर्ग, लेखा परीक्षा संवर्ग तथा सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के समस्त कार्मिकों का डाटा मानव सम्पदा पोर्टल पर फीड कराते हुए निदेशालय के उपरोक्त पत्र दिनांक 04-03-2021 (प्रति संलग्न) में दिये गये निर्धारित प्रारुप में वांछित सूचना संकलित करके यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने का कष्ट करें, ताकि निदेशालय को वांछित सूचना प्रेषित की जा सके। **सूचना प्रेषित करते समय यह भी ध्यान में रखा जाये कि सूचना पूरे जोन/सम्भाग से संकलित करके भेजी जाये।**

संलग्नक:-उपरोक्तानुसार।

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु।
2- डिप्टी कमिश्नर एवं आहरण वितरण अधिकारी, वाणिज्य कर, मुख्यालय।

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रेषक,

निदेशक,
आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उ०प्र०
510/217, नया हैदराबाद, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक- आ०ले०प०-5866 / अधि०/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, लखनऊ : दिनांक 04.03.2021

विषय : मानव सम्पदा पोर्टल पर लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिकों के विवरण फीड किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र संख्या- आ०ले०प०-2877/अधि०/मानव सम्पदा पोर्टल/2018 दिनांक 11-11-2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल में लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिकों के सेवा विवरण फीड किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं ।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कतिपय विभागों द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर फीडिंग का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है। अतः आपसे अनुरोध है की आपके विभाग के अंतर्गत आने वाले समस्त कार्यालयों में तैनात लेखा संवर्ग, लेखा परीक्षा संवर्ग तथा सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के समस्त कार्मिको का डाटा मानव सम्पदा पोर्टल पर फीड कराते हुए विभागवार सूचना तत्काल इस निदेशालय को निम्न प्रारूप पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें । सूचना प्रेषित करते समय यह भी ध्यान में रखा जाये की सूचना पूरे विभाग की संकलित करके भेजी जाये ।

प्रारूप

विभाग का नाम	संवर्ग का नाम	विभाग में कार्यरत कार्मिकों की संख्या	ऐसे कार्मिकों की संख्या जिनकी ID generate की जा चुकी है	ऐसे कार्मिकों की संख्या जिनका समस्त विवरण Feed कर दिया गया है	ऐसे कार्मिकों की संख्या जिनका विवरण Verify कर दिया गया है
	लेखा संवर्ग				
	लेखा परीक्षा संवर्ग				
	सहायक लेखाधिकारी संवर्ग				

साथ ही यह भी संज्ञान में आया है की कतिपय स्थानों पर Parent Department तथा Current Posting Office में गलत फीडिंग हो रही है Parent Department में निम्न अनुसार फीडिंग की जाएगी -

Department – Finance
Organisation Name- Internal Accounts and Audit
Office State- Uttar Pradesh
District- Lucknow
Level-HQ
Office Name- Internal Audit and Accounts.
Current Posting Office में कार्मिक के वर्तमान तैनाती कार्यालय का विवरण अंकित किया जायेगा।

भवदीया
(संतोष अग्रवाल)
निदेशक

पत्रांक- आ०ले०प०- / अधि०/मानव सम्पदा पोर्टल/2018 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- विशेष सचिव, वित्त (सेवाएँ) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

निदेशक

19.3.2021

22-3-2021

1907

R-317
22-03-21

4242